**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# स्कूल वैन से भिड़ी डीसीएम, दो बच्चे घायल




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज-बनी मार्ग पर बुधवार को डीसीएम ने स्कूली वैन में टक्कर मार दी। हादसे में वैन क्षतिग्रस्त हो गई। वैन में सवार यूकेजी के दो बच्चे घायल हो गए और चालक घायल हो गया। चालक करीब आधे घंटे वैन में फंसा रहा। आक्रोशित परिवारीजनों ने स्कूल प्रबंधन और चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा के मुताबिक वैन न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज की है।

चालक गुड्डू यादव सुबह आठ बजे थाना परिसर में रहने वाले सिपाही योगेंद्र सिंह के बेटे शाश्वत और शंकरखेड़ा में रहने वाले ऋषभ यादव को लेकर स्कूल जा रहा था। मोहनलालगंज-बनी मार्ग पर स्थित बांक नाला पुलिया से गुजर रहा था। चालक जल्दबाजी में और वैन की रफ्तार तेज थी। इस बीच सामने आ रही डीसीएम से वैन की भिड़ंत हो गई। हादसे में वैन के परखच्चे उड़ गए। चालक गुड्डू यादव के गले में और ऋषभ के सिर में चोट लगी, जबकि पीछे सीट पर बैठा साश्वत मामूली रूप से घायल हो गया। इस बीच उधर से गुजर रही एक शिक्षिका ने बच्चों को वैन से निकाला। शोर मचाकर मदद के लिए लोगों को बुलाया। पुलिस को सूचना दी। बच्चों का आईकार्ड देखकर उसमें लिखे अभिभावकों के मोबाइल नंबर पर फोन कर सूचना दी। दोनों बच्चों को एक निजी अस्पताल लेकर पहुंची। इस बीच पुलिस पहुंची पुलिया से वैन को हटवाया गया। घायल चालक गुड्डू वैन में फंस गया था। पुलिस ने उसे आधे घंटे की मशक्कत से निकाला। चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी ने बताया कि आरोपी डीसीएम चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

**नौ दिसंबर तक है वैन की फिटनेस :** हादसे के बाद पुलिस ने स्कूल प्रबंधन से वैन की फिटनेस के दस्तावेज मांगे। एसीपी ने बताया कि वैन का बीमा और फिटनेस है। नौ दिसंबर तक फिटनेस की समय सीमा है। स्कूल प्रबंधन लापरवाह, छह घंटे बाद बच्चों का लिया हाल अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अभिभावक योगेंद्र और दिलीप ने बताया कि हादसा सुबह आठ बजे हुआ था। स्कूल प्रबंधन ने बच्चों का हाल नहीं लिया। दोपहर करीब दो बजे स्कूल से एक शिक्षक अस्पताल पहुंचे और देखकर चले गए।

## ट्रैक्टर पर बैठा किशोर पहिये के नीचे गिरा, मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**माल।** थाना क्षेत्र के सैदापुर चौराहे पर बिल्डिंग मैटीरियल लेने आये ट्रैक्टर पर बैठा किशोर अचानक नीचे गिर गया। पहिया चढ़नेसे किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी। ट्रैक्टर से घायल किशोर को माल सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने किशोर को देखने के बाद मृत बता दिया। चिकित्सक ने किशोर की मौत की सूचना माल थाने पर लिखित भेजकर अवगत कराया, लेकिन एक घंटे तक पुलिस को कोई करिंदा सीएचसी नहीं पहुंचा तो ।परिवारजनों ने सीएचसी में पोस्ट मार्टम न कराने की लिखित तहरीर देकर शव लेकर अपने गांव चले गये। बताया जा रहा की बीकेटी थाना क्षेत्र के रैथा गांव निवासी बाबू लाल रैदास का बड़ा बेटा नीरज कुमार (18) गांव से सैदापुर चौराहा पर बिल्डिंग मैटीरियल लेने आया था ।जो सैदापुर में एलबीसी हॉस्पिटल के पास पहुंचा था कि अचानक ट्रैक्टर के बोनट पर बैठा था जो अचानक ट्रैक्टर के नीचे गिर गया और ट्रैक्टर के पहिया के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गयी ।घायल अवस्था में नीरज को माल सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने घायल नीरज को देखने के बाद मृत बता दिया।

इसके बाद डाक्टर ने मृतक की मेमो भेजकर माल थाने सूचना भेजी लेकिन एक घंटे के बाद भी माल पुलिस का कोई नुमाइंदा सीएचसी नहीं पहुंचा तो डाक्टर ने पीड़ित परिवार ने लिखित पत्र लेकर शव उसके परिवार को सौंप दिया। पीड़ित परिवार बिना पीएम कराए ही अपने घर लेकर चले गए। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। अन्य दो भाई स्वामी और चुप्पी हैं।

## 80 रुपये रीचार्ज की उधारी पर युवक ने किशोर को चाकू से गोदा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कृष्णनगर में महज 80 रुपये रीचार्ज के बकाया पैसों को लेकर एक युवक ने किशोर पर चाकू से हमला कर दिया। कई वार कर उसने किशोर को बुरी तरह जख्मी कर दिया। घायल किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। विजयनगर के अलीनगर सुनहरा निवासी एक शोरूम के सुरक्षा गार्ड छोटेलाल थारू के मुताबिक उनके 16 वर्षीय बेटे विमल थारू ने स्थानीय निवासी शिवम से 80 रुपये रीचार्ज कराया था। उसका पैसा बकाया था। बुधवार को उनका बेटा घर के पास ही मंदिर के चबूतरे पर बैठा था। तभी शिवम वहां आ गया और वह रीचार्ज के रुपये मांगते हुए गाली गलौज करने लगा। इस पर विमल ने विरोध किया तो शिवम ने उसपर चाकू से हमला कर दिया। चाकू से कई वार कर विमल को बुरी तरह घायल कर दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। किशोर के सीने, पीठ और हांथ पर जख्म हो गए। घटना के बाद आरोपी भाग निकला। जख्मी किशोर को परिजन इलाज के लिए ले गए। घटना को लेकर पीड़ित किशोर के पिता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि मामले में केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

**घर के अंदर मृत मिला मजदूर:** गोसाईंगंज के सराय करोरा गांव में एक मजदूर का शव उसी के मकान में मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की छानबीन के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया ।गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज के सराय करोरा में रहने वाले आलोक रावत (25) मजदूरी करता था। बुधवार को उसका शव उसी के घर के अंदर पड़ा मिला। पास पड़ोस के लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज अंजनी कुमार त्रिपाठी के मुताबिक मृतक शराब का आदि था। मजदूर की मौत की वजह स्पष्ट नही हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाई की जाएगी। पुलिस के मुताबिक वह घर में अकेला रहता था।

## मानक नगर स्टेशन के पास खड़ा ई रिक्शा दिनदहाड़े चोरी

आलमबाग। मानक नगर इलाके में बीते पांच दिन पूर्व बुधवार को दिनदहाड़े चोरों ने मानक नगर स्टेशन निकट खड़ा ई रिक्शा पार कर दिया। वही पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर घटना के पांच दिन बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मानक नगर थाना थाना क्षेत्र स्थित विक्रम नगर निवासी सुजीत कुमार पुत्र राम सिंह के अनुसार वह बीते 1 अक्टूबर की दोपहर वह अपने ई रिक्शा संख्या यूपी 32 एम एन 9914 का चालान जमा करने मानक नगर स्टेशन के सामने खड़ा अपना ई रिक्शा खडा करके गया था। जो वापस आने पर अपने स्थान पर मौजूद नहीं था। जिसकी जानकारी होने पर उसने खोजबीन करने के बाद स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कार्तिकेय वर्मा को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **कुमार चन्द्र पुत्र रविन्द्र प्रसाद वर्मा नि.- मो. कुम्हारन टोला वार्ड-4 थाना गोला खीरी।**

## शॉर्ट सर्किट से घड़ी की दुकान में लगी आग




**आलमबाग।** आलमबाग रामनगर गुरुद्वारे के निकट ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक घड़ी की दुकान में बुधवार सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और आग ने विक्राल रूप धारण कर लिया। वही इस आग से हड़कंप मच गया । आसपास के दुकानदारों की सूचना पर पहुंची तीन दमकल की गाड़ियों ने करीब घंटे भर की मशक्कत बाद आग पर काबू पा लिया । लेकिन तबतक घडी दुकान में रखी लाखों की कीमती घड़ियां सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

आलमबाग एफएसओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि उक्त घडी की दुकान चौक निवासी मंसूर अहमद की है जिसे उनके भाई मशीन खान संचालित करते है। मसिन के अनुसार तीन माह पूर्व ही यह दुकान उन्होंने खोला था दुकान में तीन कर्मचारी कार्यरत है मंगलवार रात्रि करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे वहीं आज सुबह आग लगने की जानकारी प्राप्त हुई ।इस आग में उनका करीब 15 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट है लेकिन इस आग से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

## ऑफिस के लिए निकली महिला से टप्पेबाजी

**लखनऊ।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में घर से ऑफिस के लिए निकली महिला से टप्पेबाज महिलाओं ने नशीला पदार्थ सूधाकर सोने की अंगूठी ,मंगलसूत्र और बाला लूटकर फरार हो गयी ।सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के स्कूटर इंडिया निवासी रीना राय का कहना है कि वह 15 सितंबर को सुबह 9:30 बजे घर से ऑफिस के लिए निकली हुई थी । पीडिता का कहना है कि जब वह स्कूटर इंडिया चौराहे से ऑफिस जाने के लिए खडी थीं तो पास में तीन और महिलाएं आकर खड़ी हो गयी। पीडिता का कहना है कि जब वह स्कूटर इंडिया से हीरालाल कॉलेज की तरफ जा रही थी तो पास में साथ चल रही महिलाओ ने उन्हें कुछ सूंद्या दिया। जिससे बेहोश हो गयी। वह महिलाएं बैठा कर अंगूठी ,मंगलसूत्र और बाला निकालकर चली गयी । पीडिता का कहना है कि जब होश में आईं तो अपना बैग देखा तो उसमें सफेद रुमाल में कंकड पत्थर मिला और उसमें रखे जेवर नहीं मिले।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की पांच बाइक बरामद



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**आलमबाग।** मानक नगर पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर एक वाहन चोर को थाना क्षेत्र स्थित स्लीपर ग्राउंड से गिरफ्तार कर चोरी की पांच बाइक बरामद करने के साथ चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने अपना परिचय विकास रावत पुत्र स्व० भगवान दीन मूल निवासी देवीगंज थाना चकेरी जनपद कानपुर हाल पता डूडा कालोनी हंसखेड़ा थाना पारा जनपद लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपित को चोरी की बाइक बरामदगी के आधार पर कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपित ने बताया कि वह चोरी की बाइकों को एक सुरक्षित स्थान पर खड़ा कर बाइकों व उनके पार्टस को बेच देता था ।पु लिस के अनुसार पकड़े गए आरोपित को चोरी की बाइके बरामदगी के आधार पर चोरी की धारा में कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की टीम में उपनिरीक्षक बाराबिरवा ज्ञानेश्वर सिंह सहित उपनिरीक्षक सत्यम द्विवेदी,मिथिलेश यादव ,आरक्षी मो० वसीम, आरक्षी प्रकाश यादव शामिल थे।

**गैंगस्टर एक्ट का आरोपी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल:** नगराम पुलिस द्वारा निगोहां थाने पर दर्ज गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को उसके गांव जैती खेड़ा से बाहर स्थित पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा ने बताया कि बीते माह 19 सितंबर को निगोहां थाने पर निगोहां गांव निवासी मोहित रावत मोहनलाल गंज के जैती खेड़ा निवासी धीरज सिंह गोसाईं गंज के आदमपुर नौबस्ता का मजरा ढोढ़े का पुरवा गांव निवासी भगौती प्रसाद व नगराम के अनैया खरगापुर पुर का मजरा चोरहा पुर गांव निवासी राज कुमार उर्फ लाल चंद्र के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी द्वारा की जा रही है ।मुकदमे के विवेचक विवेक चौधरी द्वारा उपनिरीक्षक अनुज भाटी हेड कांस्टेबल राकेश कुमार मिश्रा व आरक्षी नीलेश कुमार के साथ बुधवार सुबह दबिश देकर आरोपी धीरज सिंह को जैती खेड़ा गांव से बाहर उसके खेत के बगल पावर हाउस के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।

# अश्लील हरकत का वीडियो बनाने पर भड़के आरोपी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के राजाजीपुरम इलाके में एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक युवती द्वारा पड़ोसी की अश्लील हरकत का वीडियो बनाने पर नाराज आरोपियों ने उसे और उसके पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने युवती को जमीन पर पटक दिया और उसके प्राइवेट पार्ट पर लात मारी ।युवती की तहरीर पर तालकटोरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

राजाजीपुरम निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले राहुल रावत और बाबूलाल लंबे समय से उसे देखकर अश्लील कमेंट और छेड़छाड़ करते थे। लोक-लाज के डर से वह चुप रही, जिसका फायदा आरोपी उठाते रहे। पीड़िता का आरोप है कि एक दिन राहुल रावत नग्न हालत में खड़ा होकर अभद्र हरकतें करने लगा। यह देखकर युवती ने सबूत के तौर पर अपने मोबाइल में इसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो रिकॉर्ड करने की बात पता चलते ही आरोपी बौखला गए। पीड़िता ने बताया कि 3 अगस्त को जब वह घर पर अकेली थी, तभी बाबूलाल, मोतीलाल, नीतू रावत, राहुल रावत, शिवानी रावत और राहुल की तीन बुआ समेत कई लोग उसके घर आ धमके। सभी ने मिलकर युवती की पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसके पिता मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक दिया और उसके प्राइवेट पार्ट पर पैर से लात मारी, जिससे वह दर्द से तड़प उठी। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उनकी तलाश जारी है।

## पान मसाला विक्रेता पर कट्टे से धमकाकर जानलेवा हमला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम पान मसाला विक्रेता पर पांच लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने पीड़ित को बेरहमी से पीटा और कट्टा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुख्य आरोपी समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और उनकी तलाश में जुट गई है ।पीड़ित मोनू (पुत्र रामसागर), जो मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले हैं और वर्तमान में आलमबाग में किराए पर रहते हैं, तिकुनिया चौराहे के पास पान मसाला की दुकान चलाते हैं। मोनू ने पुलिस को बताया कि शाम को प्रतीक तिवारी अपने चार अज्ञात साथियों के साथ दो बाइकों पर उनकी दुकान पर आया। बिना किसी उकसावे या कारण के उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और फिर मारपीट पर उतर आए। जब मोनू ने इस हमले का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके सिर पर असलहे (कट्टे) से वार किया, जिससे उन्हें चोट आई। हमले के बाद, पांचों आरोपी गाली-गलौज करते हुए और कट्टा लहराते हुए कुल्हड़ कट्टा की ओर भाग निकले। घायल मोनू ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर मुख्य आरोपी प्रतीक तिवारी और चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शुभम रावत' गैंग के तीन-शूटर अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपीएसटीएफ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ ने लखनऊ में भाड़े पर हत्या करने वाले कुख्यात और सूचीबद्ध 'डी-34 शुभम रावत उर्फ मोनू गैंग' के तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। यूपीएसटीएफ ने इन अभियुक्तों को अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करते समय जनपद बाराबंकी के कोतवाली नगर इलाके में सफेदाबाद क्रॉसिंग के आगे, प्राथमिक विद्यालय धमसारी के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान अजय यादव उर्फ प्रिंस, कृष्ण रावत, और रामकेश लोधी के रूप में हुई है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं दो- पिस्टल (मैगजीन सहित, 7.65 टास्क फास), एक-तमंचा (315 बोर), आठ-कारतूस (7.65 एमएम)। गिरफ्तार अभियुक्तों में कृष्ण रावत और रामकेश लोधी जनपद लखनऊ के कुख्यात और पंजीकृत हत्यारा गैंग डी-34/24 शुभम रावत उर्फ मोनू गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। एसटीएफ के अनुसार, ये दोनों अभियुक्त जनपद लखनऊ के घोषित जिला बदर अपराधी भी हैं। इनके विरुद्ध लखनऊ के विभिन्न थानों में पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसटीएफ अब इस गैंग के अन्य सदस्यों और इनके आपराधिक नेटवर्क के बारे में विस्तृत जांच कर रही है।

## बक्शी तालाब में लेखपाल प्रमोद कुमार सिंह के संज्ञान में सरकारी भूमि पर हो रहे कब्जे

**लखनऊ।** बीते सोमवार सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने काशी की पावन भूमि से राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त लहजे मे चेताया था की तत्काल राजस्व मामलो मे तत्काल संज्ञान लेते हुए समस्त सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त करना होगा। साथ हीं सरकारी जमीनों पर हुए कब्जे को को कब्जा मुक्त कर गरीबो को उन जगहों को चिन्हित कर कब्जा दिलाया जाए। ज्ञात हो राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ -दिल्ली बाया सीतापुर तहसील बक्शी का तालाब की तमाम ग्राम सभाये मुख्य मार्ग के करीब हीं है जिसके चलते उक्त ग्राम सभाओ की भूमि की कीमत बेहद ज्यादा है। बीकेटी नगर पंचायत से लगी हुई ग्राम सभा चंदाकोडर जहां पर तैनात लेखपाल प्रमोद कुमार सिंह के संज्ञान में ग्राम सभा की तमाम भूमि पर अवैध रूप से भूमाफियाओ ने कब्जे कर रखे है। शिकायत व लिखित पत्र देने के बावजूद लेखपाल द्वारा कब्जा मुक्त करने को कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। जानकारी के लहजे से लेखपाल प्रति माह निर्धारित शुल्क कब्जेदारो से वसूलते है । जिसके चलते तमाम गरीब वर्ग का वह कुनबा भूमिहीन है जोकि कब्जे की जमीनों का मालिकाना हक रखता है। समाज का गरीब तमगा लेखपाल साहेब की जेब नहीं गर्म कर पाता इस कारण वह अपने अधिकारों से वंचित है। ज्ञात हो ग्राम सभा चंदाकोडर की परती /नवीन परती, बंजर यहां तक वन विभाग की भूमि पर एक धर्म विशेष के लोगो का कब्जा है ।ग्राम सभा की गाटा संख्या 703जोकि अभिलेखों मे बंजर है ।गाटा संख्या 888जोकि अभिलेखों मे नवीन परती है। गाटा संख्या 733नवीन परती इन सभी सरकारी भूमि पर भूमाफिया कब्जा किए हुए है ।

### सूचना

सूचित हो कि मैं जय प्रकाश यादव मेरी भारतीय सेना की सर्विस बुक में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश रीता देवी (Rita Devi) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम रीता देवी (Reeta Devi) है। जय प्रकाश यादव पुत्र बुद्धु यादव निवासी-ग्राम व पोस्ट-लबकन, थाना-गौरी बाजार, जनपद-देवरिया।


### सूचना

प्रार्थी के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट निशातगंज चौराहे के पास खो गये है जिसमे हमारी omaxe की पेमेंट रिसीप्ट और एटेंडम लेटर खो गया है Receipt no. 1026779 dt. 31/12/2013 Amt. 2,52,799.35 Receipt no. 1026780 dt. 31/12/2013 Amt. 4,04,121.65 Receipt no. 1158429 dt. 20/02/2015 mt. 12,66,159 कृपया करके अगर मिले तो बताने का कष्ट करें । Abhishek Agarwal

## घर की सफाई कर रही विवाहिता की करंट से मौत

लखनऊ। बंथरा में बुधवार की सुबह घर की सफाई कर रही विवाहिता झालर हटाते समय करंट की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय वह घर में अकेली थी। पति बच्चों को स्कूल छोड़ने गया था। वापस लौटा तो उसे घटना की जानकारी हुई। बंथरा गांव निवासी लोडर वाहन चालक रोहित सिंह के मुताबिक वह सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे। इस दौरान उनकी पत्नी निधि उर्फ साक्षी सिंह (28) घर में अकेली थी और वह सफाई कर रही थी। जब रोहित वापस लौटे तो करंट की चपेट में आने से निधि मृत हालत में मिली। यह देख उनके होश उड़ गए। बताया कि निधि सफाई करते समय घर में लगी झालर को हटाकर सफाई कर रही थी। तभी उसे करंट लग गया। उसका एक हाथ बुरी तरह झुलस गया था और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## पुस्तकों को बनायें अपने जीवन का हिस्सा : डॉ. मनोज शर्मा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सेंट जोसेफ कॉलेज के विज्ञान क्लब के तत्वावधान में वार्षिक विज्ञान संगोष्ठी 2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम को दो सत्रों में विभाजित किया गया था।

पहला सत्र किशोरों में जीवनशैली संबंधी बीमारियां: कारण और रोकथाम विषय पर केंद्रित था। इसका उद्घाटन समारोह शिया पीजी कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग के डॉ. सैयद फैज मुजतबा की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या अमिता सिंह तथा अन्य अध्यापकगण भी उपस्थित रहे। दूसरे सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग डॉ. मनोज कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा, अपनी पुस्तकों को आपसे बात करने दें, तब अध्ययन एक खजाना बन जाएगा और आपका मस्तिष्क एक प्रयोगशाला... विद्यार्थी होने के नाते आप अपनी श्रेष्ठता प्राप्त कर सकते हैं। इस सत्र में विद्यार्थियों द्वारा क्वांटम युग का आरंभ: संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर रोचक प्रस्तुतियां और संवादात्मक चर्चायें आयोजित की गईं। विद्यार्थियों की प्रदर्शित सामग्री में सृजनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और वैज्ञानिक अवधारणाओं की गहरी समझ झलक रही थी। संगोष्ठी का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों के प्रयासों और उपलब्धियों की सराहना की गई। अमृतांश पांडे (कक्षा 10) और भूमिका शुक्ला (कक्षा 11) ने क्रमशः सत्र एक और द्वितीय में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने विज्ञान क्लब के सदस्यों एवं संकाय संयोजकों डॉ. नीलू गुप्ता, अशफाक अहमद सिद्दीकी और डॉ. शाज़िया अब्बास को कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए बधाई दी।

## किशोरी से दो युवकों ने किया दुराचार

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात एक किशोरी को घर में अकेला पाकर मोहल्ले के ही दो युवकों ने उसके साथ दुराचार की घटना को अंजाम दी। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित किशोरी की माँ ने बिजनौर थाने में तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिजनौर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक मजदूर की पत्नी के मुताबिक बीती 26 सितंबर को वह अपने पति के साथ बाराबंकी जिले के देवा मेले में जानवर बेचने गई थी। जबकि उसकी 14 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी। महिला का कहना है कि 7 अक्टूबर मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मोहल्ले के ही एक व्यक्ति द्वारा फोन के जरिए सूचना मिली कि उसकी बेटी को घर में अकेला पाकर सोमवार रात पड़ोस के ही रहने वाले दो युवकों ने उसके घर में घुसकर किशोरी के साथ जबरन दुराचार की घटना को अंजाम दी। पीड़ित महिला को यह सूचना मिलने पर वह मंगलवार दोपहर बाद घर पहुंची और बेटी से पूरी जानकारी करने के बाद इसकी तहरीर बिजनौर थाने में दी।

## जालसाजों ने पांच लोगों के खातों से उड़ाये 7.79 लाख

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने कई तरीकों से महिला और बुजुर्ग समेत पांच लोगों के बैंक खातों से 7.79 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ितों ने पीजीआई, चिनहट व गुडंबा थानों में मुकदमा दर्ज कराया है। तेलीबाग के बल्देव विहार निवासी प्रदीप बरनवाल के मुताबिक इंडसइंड बैंक आशियाना शाखा से एक लाख रुपये की एक एफडी एक साल और 1.14 लाख की दूसरी एफडी दो साल के लिए करायी थी। जालसाज ने दोनों एफडी तोड़कर खाते में ट्रांसफर कर 2.14 लाख रुपये पार कर दिए। इसी थाना क्षेत्र के तेलीबाग खरिका मोहारी बाग निवासी करन सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले टेलीग्राम पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। जालसाज ने पहले टॉस्क देकर कुछ रुपये दिए। उसके बाद पैड टॉस्क बताकर चार बार में 48 हजार रुपये ऐंठ लिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दाखिनवारा, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

**पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26** **दिनांक-08.10.2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत-दाखिनवारा, विकासखंड- कूरेभार, जनपद- सुलतानपुर राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष-2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 09.10.2025 से दिनांक- 13.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत-दाखिनवारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 13.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य। | 2.05 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट-** समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- दाखिनवारा, वि.ख.-कूरेभार**
**जनपद-सुलतानपुर**

# करवाचौथ व्रत के लिए दुल्हन की तरह सजे बाजार, हर तरफ रौनक




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय संस्कृति में त्योहार न केवल हमें हमारी परंपराओं से परिचित कराती है बल्कि हमारे अंदर आस्था और विश्वास जगाने का भी काम करती हैं। यही वजह है कि विकास के दौर में ईश्वर के प्रति हमारी श्रद्धा कम नहीं हुई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप हम चांद में सुहाग की तस्वीर देखने के लिए करवा चौथ का व्रत रखते हैं। सुहागिनों का पर्व करवा चौथ पर चांद के दीदार की बेकरारी त्योहार के उल्लास में चार चांद लगा देती है। 10 अक्टूबर को होने वाले इस पर्व को लेकर बाजार भी तैयार हैं। हर बाजार त्योहार के रंग में रंग चुका है। पौराणिक ग्रंथों के साथ ही सामाजिक मान्यताएं हमे अपने धर्म के प्रति धर्मनिष्ठ बनाती हैं। इसी मंशा के चलते हम हर त्योहार को अपने ढंग से मनाने में आगे रहते हैं। करवा चौथ पर पूजन सामग्री के साथ ही डिजाइनर करवे भी बाजार में मौजूद हैं।

**ग्राहक अभी से कर रहे खरीदारी :** लखनऊ के ज्वेलर्स रवीन्द्र नाथ रस्तोगी कहते हैं कि तीन साल के गैप के बाद इस बार बाजार ठीक है। आगे सोने-चांदी के भाव बढ़ न जाएं, इसे देखते हुए ग्राहक अभी से ही खरीदारी कर रहे हैं। करवा चौथ को लेकर गृहणियों की अलग अलग डिमांड के अनुसार, आभूषण इस बार उपलब्ध हैं। न्यू कपल के लिए वेडिंग परपज के लिए भी शानदार कलेक्शन इस बार मौजूद हैं। ब्राइडल गोल्ड टेंपल ज्वेलरी, कुंदन ज्वैलरी, पोलकी, डायमंड की खूब डिमांड है। अनुराग रस्तोगी के अनुसार करीब तीन साल बाद बाजार का माहौल अच्छा देखने को मिल रहा है। इसी उम्मीद के साथ धनतेरस को लेकर इस बार लाइट वेट ज्वैलरी का जबरदस्त कलेक्शन दुकानों पर है। इसमें एंटिक ज्वेलरीए टेंपल और कोल्हापुरी ज्वेलरी लोगों के बीच खासी डिमांड है। लाइट वेट होने के कारण ही हर वर्ग के ग्राहकों के बीच इसकी खूब डिमांड है। चूंकि अभी सहालग में समय है इस वजह से लोग त्यौहारों की खरीदारी पर अधिक फोकस कर रहे हैं। भूतनाथ बाजार के मयंक अग्रवाल कहते हैं कि त्योहारों के साथ ही बाजार अच्छा होने लगा है। अभी करवाचौथ को लेकर खरीदारी तेजी पकड़ने लगी है। एंटीक व पोलकी ज्वेलरी, हीरे की लाइट वेट ज्वेलरी ग्राहक के बीच खूब डिमांड में है। युवा जोड़े पोलकी व हीरे की लाइट वेट ज्वेलरी खूब पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा धनतेरस व दीवाली को लेकर भी अपने बजट के अनुसार ग्राहक आर्डर देकर भी आभूषण बनवा रहे हैं।

**कास्मेटिक सामान की बिक्री बढ़ी:** करवा चौथ को लेकर बाजार में मेकअप के सामान की बिक्री में उछाल आया है। पिछले एक सप्ताह से सुहागिनें कास्मेटिक उत्पादन खरीदने के लिए पहुंची। पिछले तीन कदिन से बारिश ने महिलाओं की खरीदारी में खलल डाला था। जब आज बारिश ने दिन में थोड़ी राहत दी, तो महिलाओं की टोलियां बाजारों में खरीदारी करते हुए देखी गईं। फिरोजाबाद की चूड़ी, बोरोसिल कंगन व जूड़ा की बाजार में तमाम वैरायटी हैं। विभिन्न परिधानों के मैचिंग की चूड़ियों की भी बाजार में मांग है। सौंदर्य प्रसाधन के साथ चूड़ियों का खास महत्व होता है।

**गोल्ड टेंपल, कुंदन व पोलकी की है डिमांड:** करवाचौथ को लेकर इस बार आभूषणों की दुकानों में शानदार और लेटेस्ट डिजाइनों के कलेक्शन युवा जोड़ों में काफी डिमांड में है। आभूषणों में ब्राइडल गोल्ड टेंपल ज्वेलरी, कुंदन ज्वैलरी, पोलकी, डायमंड व सिल्वर कलेक्शन खूब पसंद किया जा रहा है। सोने की घड़ी, ब्रोच, ब्रेसलेट की भी जमकर खरीदारी हो रही है।

## बाजार में तरह-तरह के करवा कर रहे आकर्षित



चांदी के करवे के साथ ही सोने के पन्नी चढ़ी करवा भी बाजार में मौजूद है। चौक के सिद्धार्थ जैन ने बताया कि हर रेंज के आकर्षक करवे बनवाए गए हैं। आलमबाग के रामकुमार वर्मा ने बताया कि महिलाओं के लिए श्रृंगार का सामान भी बनाया गया है। कम रेंज में आकर्षक आभूषण महिलाओं को रास आएंगे। चूरा, लावा के साथ ही खिलौने भी बाजार में मौजूद हैं। मेहंदी लगवाने के साथ ही ब्यूटी पार्लर की दुकानों पर भी बुकिंग शुरू हो गई है। नवरात्र से खरीदारी शुरू हो गई है। मिट्टी के करवे भी बाजार में बिक रहे हैं। चौक के ज्वेलरी व्यापारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि शुक डूबने से चांदी व सोने के करवे की बिक्री न के बराबर है। मान्यता है कि पूजन में प्रयोग होने वाली धातु के सामान नहीं खरीदना चाहिए। आभूषणों की बिक्री हो रही है, लेकिन करवा खरीदने से लोग बच रहे। आर्डर भी नहीं मिल रहे हैं।

20 से 40 वर्ष की आयु वाली महिलाएं आक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी और लाइट वेट पोलकी ज्वेलरी पसंद कर रही हैं। वहीं पुरुष इटेलियल ब्रेसलेट एंड चेन पसंद कर रहे हैं।

**चूडियों की खरीदारी हुई तेज:** करवाचौथ के अवसर पर सुहाग संबंधी सामग्री की खरीदारी सबसे ज्यादा होती है, जिसमें लाल सिंदूर, कंघी, बिंदी चूडियां, मेहंदी सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती हैं। इसको लेकर अमीनाबाद, हजरतगंज, चौक, आलमबाग समेत अन्य मार्केट में खूब खरीदारी हुई। दुकानदार भी भीड़ देखकर बेहद खुश नजर आ रहे हैं। मार्केट में विभिन्न डिजाइन की चूड़ी, चूड़ा, कड़ा, कंगन आदि आये है। अमीनाबाद में चूड़ी विक्रेता मनोज बताते हैं कि इस समय फैशन में मैट, चांदनी, महारानी, जरकन, नगवाले, कुंदन आदि किस्म की चूडियां महिलाओं को सबसे ज्यादा पसंद आ रही हैं। महिलाएं व्रत के दौरान पहनने वाली साड़ी से मैचिंग चूडियां पसंद कर रही हैं। इनकी कीमत 100 रुपये से शुरू होकर हजारों में है।

**करवाचौथ स्पेशल थाली व छलनी की बिक्री:** गोमतीनगर में सराफा कारोबारी ने बताया कि ग्राहकों की स्पेशल डिमांड पर भी करवा बनाएं गए हैं। इस बार चांदी के करवेए बिछियाए पायलए लॉकेट के अलावा करवाचौथ की स्पेशल थाली व छलनी की बिक्री काफी हुई है। सराफा मार्केट में सोने.चांदी के करवे के अलावा लाइट वेट ज्वेलरी की मांग अधिक है। ऑल इंडिया ज्वेलर्स एडं गोल्डस्मिथ फेडरेशन के प्रदेश संयोजक विनोद माहेश्वरी ने बताया कि महिलाएं लाइट वेट ज्वेलरी पसंद कर रही है। इसमें मंगलसूत्र, चूड़ियों की बिक्री अधिक है। पहले जो लोग सोने का हार पसंद करते थे, वह अब नेकलेस की मांग अधिक है। यहियागंज बर्तन बाजार में सस्ते करवे की कई रेंज उपलब्ध है। लखनऊ मेटल मर्चेट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल ने बताया कि गिलट का करवा 850 रुपये तो पीतल का मुरादाबादी नक्काशीदार कटे ग्रुव का करवा 800 से 2000 रुपये तक है। वहीं सादा पीतल का करवा 700 रुपये से 1200 रुपये तक है। इसमें डिजाइनर थाली और छलनी भी है।



**सज गया मेंहदी बाजार, एडवांस बुकिंग शुरू :** करवा चौथ पर सोलह श्रृंगार का अपना ही अलग महत्व होता है। इस दिन महिलाएं पूरी तरह से सज संवर कर सोलह श्रृंगार करके पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं, लेकिन इस सोलह श्रृंगार में अगर हाथों पर मेहंदी ना लगी हो तो इसे अधूरा ही माना जाता है। इसीलिए करवा चौथ पर हाथों पर मेहंदी लगवाना जरूरी होता है। यही वजह है कि हर साल की तरह इस साल भी लखनऊ में करवा चौथ पर मेहंदी लगवाने के लिए लोगों ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। लखनऊ के कई ऐसे बाजार हैं जहां पर आप जाकर दोनों हाथों और पैरों में मेहंदी लगवा सकती हैं। यहां की कीमतें भी बेहद कम होती हैं। खास तौर पर लखनऊ का पत्रकारपुरम, निशातगंज, इंदिरा नगर, भूतनाथ मार्केट, राजाजीपुरम का ई.ब्लॉक मार्केट और तो और हजरतगंज में लवलेन मार्केट के पास मेहंदी लगाने के लिए लोग बैठने लगे हैं और अभी करवा चौथ की बुकिंग चल रही है। करवा चौथ के दो दिन पहले यहां पर महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए पहुंचने लगेंगी।

## सास को सरगी देने से मिलेगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर भारत में मनाए जाने वाले त्योहारों में से करवा चौथ प्रमुख त्योहार है । इस बार करवाचौथ व्रत 10 अक्टूबर को है। करवाचौथ के दिन विवाहित स्त्रियां पूरा दिन निर्जला व्रत रखती हैं और शाम को चंद्रमा देखने के बाद ही व्रत खोलती हैं। धार्मिक मान्यता है कि करवा चौथ का व्रत करने से पति की उम्र बढ़ती है और वैवाहिक जीवन भी मधुर होता है। करवा चौथ के दिन भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश जी और कार्तिक जी के साथ करवा माता और चंद्रमा की पूजा की जाती है। चंद्रमा को अर्घ्य दिए बिना करवा चौथ का व्रत नहीं टूटता। साथ ही करवा चौथ के दिन अपनी सास को ये चीजें गिफ्ट करना भी शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर आप अपनी सास को ये चीजें देते हैं तो आपको अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद मिलता है।

करवा चौथ की शुरूआत लगभग सरगी से होती है। सरगी सूर्योदय के समय ब्रह्म मुहूर्त में खाई जाती है। सास अपनी बहू को सरगी देती है। सरगी में मिठाई, सेवइयां, सूखे मेवे और फल परोसे जाते हैं। इसके अलावा सरगी में शादी का सामान उपहार में देने की भी परंपरा है। यह दुल्हन को अपनी सास को कुछ देने का भी विधान है। करवा चौथ के दिन दुल्हन को अपनी सास को ये चीजें देकर आशीर्वाद लेना चाहिए। आपको बता दें कि करवा चौथ के दिन पूजा के लिए मिट्टी के करवे का इस्तेमाल किया जाता है। मिट्टी के करवा के अलावा मीठा करवा भी होता है, जिसे खांड करवा भी कहा जाता है। मीठी करवा में सूखे मेवे भी होते हैं। करवा चौथ के दिन सास को शगुन के तौर पर मीठा करवा, कपड़े, शादी का सामान और कुछ पैसे उपहार में दिए जाते हैं। इसके अलावा, दुल्हनें करवा चौथ के दिन अपनी सास को पायल, हार और कंगना जैसे सोने और चांदी के गहने उपहार में दे सकती हैं। यह सब अपनी सास को उपहार में देना बहुत शुभ माना जाता है। सास को चूड़ियाँ, बिंदी, मेंहदी, काजल आदि सौंदर्य प्रसाधन उपहार में देना भी बहुत सुखद माना जाता है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें की पूजा समाप्त होने के बाद अपनी सास को ये सब चीजें सौंप दें। कहा जाता है कि ऐसा करने से आपको अखंड सौभाग्यवती का आशीर्वाद मिलेगा।

**आलता–** यह लाल रंग का तरल पदार्थ होता है, जिसे सुहागिन महिलाएं पैरों और हाथों पर लगाती हैं। इससे हाथ और पैरों की चमक बढ़ती है।

**कमरबंद–** कमर के चारों तरफ पहना जाने वाला एक सजावटी बेल्ट को कमरबंद कहा जाता है। यह सोना, चांदी या फिर अन्य धातु का बना होता है।

**पायल–** इसे दोनों पैरों में पहना जाता है। इसे हिन्दू धर्म में महिलाओं का प्रमुख श्रृंगार माना जाता है।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गुरु रामदास जी का प्रकाश उत्सव



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर के गुरुद्वारों में बुधवार को साहिब श्री गुरु रामदास महाराज का प्रकाश उत्सव जन्मोत्सव श्रद्धा सत्कार से मना। इस मौके पर गुरुद्वारों में विशेष दीवान हुआ। दीवान व शबद कीर्तन के बाद गुरु के लंगर का प्रसाद लोगों ने ग्रहण किया।

नाका गुरुद्वारा में शाम का विशेष दीवान रहिरास साहिब के पाठ के बाद हजूरी रागी भाई राजिन्दर सिंह ने रामदास सरोवर नाते, सब उतरे पाप कमाते... गायन कर संगत को नाम सिमरन करवाया।

भाई गुरमीत सिंह उना साहिब वालों ने शबद सा धरती भई हरियावली जिथै मेरा सतिगुरु बैठा आइ... शबद कीर्तन गायन कर समूह संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने बताया कि गुरु रामदास का जन्म 1534 को चूना मण्डी लाहौर पाकिस्तान में हुआ। उनके पिता का नाम हरदास और माता दया कौर था। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने शबद धनुं धनुं रामदास गुरु जिन सिरिआ तिनै सवारिआ... गायन कर संगत को मुग्ध कर दिया। दीवान समापन पर लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने समूह संगत को गुरु रामदास के जन्मोत्सव की बधाई दी।

## यहियागंज गुरुद्वारे में शबद कीर्तन सुन संगत हुई निहाल

**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु रामदास जी का प्रकाश पर्व शाम 7:00 से 11:00 तक बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में रुद्रपुर से आए भाई गुरविंदर सिंह जी शबद कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने सभी संगतो को प्रकाश पर्व की बधाई दी। गुरु रामदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मीत ग्रंथि ज्ञानी गुरमीत सिंह ने बताया कि धन श्री गुरु रामदास महाराज जी का जन्म 1534 ईस्वी में माता दया कौर और पिता हरदास जी के घर चुना मंडी लाहौर में हुआ। बचपन में ही गुरु रामदास महाराज जी को उनके माता और पिताजी सदैव बिछुड़ा देकर संसार में अकेला छोड़ गए थे फिर नानी मां के साथ वह गांव बासरके आ गये।

## सदर गुरुद्वारे में सजा विशेष दीवान

**लखनऊ।** आज गुरुद्वारा सदर में श्री गुरु राम दास जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष दीवान का आयोजन प्रातः 6 बजे से 9:30 बजे तक किया गया। ज्ञानी जगजीत सिंह जी ने गुरु राम दास जी के जीवन और शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु राम दास जी चौथे सिख गुरु थे, जिन्होंने अमृतसर नगर की स्थापना की और हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) का नींव पत्थर रखा। उनकी वाणी गुरु ग्रंथ साहिब जी में संकलित है, जिसमें प्रेम, सेवा और विनम्रता का संदेश मिलता है। दीवान के उपरांत गुरु का लंगर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।

# बिरसा मुंडा आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे



**लखनऊ।** बिरसा मुंडा एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक थे, उन्होंने ब्रिटिश राज के विरुद्ध मुंडा विद्रोह ('उलगुलान') का नेतृत्व किया और 'धरती आबा' (पृथ्वी के पिता) के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने आदिवासी भूमि अधिकारों की रक्षा की, 'बिरसैत' नामक एक नए धर्म की स्थापना की और ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष कर एक महत्वपूर्ण नेता बने। यह बात ल.वि.वि के शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो.दिनेश कुमार ने कही। वह गौतम बुद्ध डिग्री कालेज गौरी रोड सरोजनी नगर लखनऊ में लोक नायक बिरसा मुंडा पर आयोजित दो दिवसीय जन जातीय गौरव राष्ट्रीय सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

कार्यक्रम में गौतम बुद्ध डिग्री कालेज के प्रबंधक सोमिल कुशवाहा ने कहा कि बिरसा मुंडा का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने लोगों को संगठित किया और एक एकेश्वरवादी धर्म, बिरसायत की स्थापना की, जिसमें उन्होंने अंधविश्वास, शराबखोरी और जबरन श्रम की निंदा की। महिला डिग्री कालेज की सहायक प्रोफेसर डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने कहा कि बिरसा मुंडा जन जातीय विकास के नायक थे, उनका जीवन और व्यक्तित्व आज भी प्रासंगिक है। राष्ट्रीय जन जातीय गौरव सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. ज्ञान प्रकाश पटेल चेयर रिसर्च फेलो बिरसा मुंडा चेयर आई.जी. एन. टी. यू ने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा को जन जातीय का अग्रदूत बताते हुए कहा कि वह एक चतुमुर्खी व्यक्तित्व के स्वामी होने के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, धर्म रक्षक, समाज सुधारक, लोक नायक, लोक चिकित्सक होने के साथ-साथ मातृभाषा के पोषक थे।


लखनऊ नगर निगम
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

पत्रांक : D-234/20-2 दिनांक : 04.10.2025

निम्नलिखित भवनों का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213 (बी0-2) के अंतर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालयों में प्रस्तुत करें, आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जाएगी।

जोन–2

| क्रं. सं. | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एफ-1836, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | उषा अग्रवाल | रोहित अग्रवाल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र व विक्रय विलेख |
| 2 | ई-3096, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | राम स्वरूप कुरील | सचिन मेहरोत्रा | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 3 | एफ-3901, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | कविता कपूर | सुरेश प्रसाद द्विवेदी | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 4 | ई-1241, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | वीरन मेहरा | अक्षत मेहरा | मृत्यु प्रमाण-पत्र व वसीयत |
| 5 | एफ-2110, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | अनिल कुमार कोहली व विनोक कु0कोहली | शिवम व अवनिल श्रीवास्तव | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 6 | ई-4649, राजाजीपुरम | पुष्पा रानी | नरेश कुमार दोहरे | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 7 | ई-5384-5386, राजाजीपुरम | रतन कुमार द्विवेदी | मान सिंह व प्रीति वर्मा | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 8 | एफ-3153, राजाजीपुरम | वेद प्रकाश | निकिता तमता | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 9 | 256/160 स्थित खजुहा | अवसेरी | रचना जायसवाल | शपथ-पुत्र, मृत्यु प्रमाण, पंजीकृत बैनामा |
| 10 | 268/661 स्थित तिलक नगर | लल्लन प्रसाद श्रीवास्तव | निधि श्रीवास्तव | पारिवारिक शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 11 | 268/641/2 (GIS) स्थित तिलक | आर0बी0 श्रीवास्तव | अनिल कु0 श्रीवास्तव व अशोक कु0 श्रीवास्तव | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण, पंजीकृत बैनामा |
| 12 | ए-डी 36 से0-ए, बी, सी एवं डी राजाजीपुरम | श्रीमती प्रेमा अवस्थी पत्नी शिव प्रसाद अवस्थी | 1. श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा 2. श्री श्याम सुन्दर दीनानाथ त्रिपाठी | रजिस्ट्री, शपथ-पत्र आदि |
| 13 | 547ए/प्लाट-05, से0-ए, बी, सी एवं डी, राजाजीपुरम | श्रीमती जीनत बेगम | श्रीमती षबा बेग | रजिस्ट्री, शपथ-पत्र आदि |
| 14 | 255क/030 जी0आई0एस0 कुण्डरी कॉलोनी | मनमोहन सहाय | विनय मोहन व मलय मोहन सक्सेना | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयत |
| 15 | 217/641बी, आगां बांका वार्ड राजाजीपुरम | मो0 अली पुत्र हाजी फकीर मोहम्मद | मो0 यामीन खान, इरफान अहमद, रेहान अहमद खान, परवेज खान | विक्रय विलेख/ शपथ-पत्र |

जोनल अधिकारी, जोन–2


# प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित को मिलेगा 'डॉ. लक्ष्मी शंकर मिश्र 'निशंक' साहित्य सम्मान'

## ललित सिंह पोखरिया को 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** 'डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक साहित्य सम्मान-2025 से सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित, लखनऊ को तथा 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान-2025' से श्री ललित सिंह पोखरिया, लखनऊ को सम्मानित किये जाने का निर्णय डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक अध्ययन संस्थान, लखनऊ द्वारा लिया गया है। संस्थान द्वारा अब तक डॉ. दीन मोहम्मद 'दीन, मैनपुरी, श्री माहेश्वर तिवारी, मुरादाबाद, श्री उदय प्रताप सिंह, लखनऊ, डॉ. उपेन्द्र, लखनऊ, सरस कपूर, लखनऊ, डॉ. शिवओम अम्बर, फर्रुखाबाद, गोपाल चतुवेर्दी, लखनऊ, प्रमिला भारती, नई दिल्ली. डॉ. ओम निश्चल, नई दिल्ली व सूर्य कुमार पाण्डेय, लखनऊ को डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र निशंक' साहित्य सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। 'विद्या मिश्र लोक संस्कृति सम्मान से संस्थान द्वारा पूर्व वर्षों में प्रो. कमला श्रीवास्तव, लखनऊ, पद्मश्री डॉ. विद्या विन्दु सिंह, लखनऊ व सुश्री उषा सक्सेना, लखनऊ को सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान बुधवार 29 अक्टूबर, 2025 को उदय प्रताप सिंह एवं आत्म प्रकाश मिश्र की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ के निराला सभागार में अपराह्न 3.30 बजे डॉ. लक्ष्मीशंकर मिश्र 'निशंक' की 107 वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित समारोह में दिया जायेगा। सम्मान स्वरूप सम्मानित साहित्यकारों को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि, अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा। पुरस्कार दिये जाने का निर्णय संस्थान की निर्णायक समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया, जिसमें डॉ. कमला शंकर त्रिपाठी, प्रो. उषा सिन्हा, श्री योगीन्द्र द्विवेदी व डॉ. आलोक मिश्र आदि सम्मिलित थे।

# डॉ गीता शर्मा को मिला 'सुभद्रा कुमारी चौहान पुरस्कार'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की डॉ गीता शर्मा को मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा 'सुभद्रा कुमारी चौहान पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उनके कहानी संग्रह 'मुड़ कर देखो मुझे' के लिए प्रदान किया गया है।

लेखिका डॉ गीता शर्मा की जन्म भूमि वृन्दावन, जिला मथुरा, उत्तर प्रदेश जबकि मध्य प्रदेश उनकी कर्मभूमि है। वर्तमान में वे माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर स्वशासी कन्या महाविद्यालय, मोती तबेला, इंदौर में अंग्रेजी साहित्य की प्राध्यापक हैं और हिंदी साहित्य लेखन में सक्रिय हैं। वे हिंदी साहित्य में दिव्यांगता विमर्श को प्रभावी ढंग से स्थापित करने हेतु कृत संकल्पित होकर प्रयासरत रहीं हैं ताकि किसी भी तरह की विकलांगता से जूझ रहे लोग प्रेरित होकर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें, इनकी समस्याएं, इनके संघर्ष, इनकी पीड़ा इनकी आवाज बन समाज तक पहुंच सके और एक संवेदनशील और समावेशी वातावरण का निर्माण हो सके। 'मुड़ कर देखो मुझे' दिव्यांगता केंद्रित कहानी संग्रह है। कहानियों के जरिए दिव्यांगता से जुड़े तमाम पक्षों को उठाया गया है। जब समाज का एक उपेक्षित वर्ग कमजोर होने के कारण अपनी बात सत्ता और समाज के शीर्ष पर बैठे लोगों तक नहीं पहुंचा पाता, जब भी उसके किए जाने वाले आवश्यक प्रयासों को अनसुना करके पीछे धकेल दिया जाता है तब साहित्य की यह महती भूमिका बनती है कि वह उनकी आवाज बनकर उनके हित चिंतन का पुरजोर समर्थन करते हुए अपनी रचनात्मक दुनिया के द्वार उनकी ओर खोल दें। संग्रह की कहानियां दिव्यागों के प्रति पक्षपात, उपेक्षा, तिरस्कार पूर्ण पारिवारिक और सामाजिक व्यवहार के विरुद्ध अपना विरोध दर्ज कराती हुई दिव्यांगों के उजले पक्षों को भी उजागर करतीं हैं एवं सामाजिक चेतना को स्पंदित करतीं हैं।

संक्षेप

## सांसद ने किया ठाकुर विश्राम सिंह सभागार का भूमि पूजन

**सलोन, रायबरेली।** विकासखंड सलोन की ग्राम पंचायत पारी में बुधवार को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने पंचायत भवन परिसर में प्रस्तावित ठाकुर विश्राम सिंह सभागार का भूमि पूजन किया। यह सभागार राज्य वित्त एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत 8 लाख की लागत से निर्मित किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद ने ग्राम पंचायत में 50 लाख की लागत से पूर्ण हो चुके विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया। ये कार्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार कल्याण सिंह गांधी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रोहित सिंह, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सभी को संबोधन में कहा कि ये विकास कार्य गांव की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करेंगे और ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना उनका संकल्प है।

## रेल कोच रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां रेलवे स्टेशन पर बुधवार दोपहर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने गांधी विद्यालय की एक छात्रा से रेल कोच रेस्टोरेंट का फीता कटवा कर उद्घाटन कराया। इस मौके पर उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी भी मौजूद रहे। ज्ञात हो बछरावां रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का कार्य बीते डेढ़ वर्षों से चल रहा था। पूर्ण होने पर आज इसका रेलवे द्वारा उद्घाटन कराया गया। यह रेस्टोरेंट यात्रियों नगर वासियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह रेस्टोरेंट रेलवे में सफर कर रहे यात्री व कस्बे वासियों के लिए शुरू किया गया है। इस रेल कोच रेस्टोरेंट में सभी प्रकार खाने-पीने के समान उचित रेट पर देने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर रेलवे स्टेशन अधीक्षक विनोद कुमार, आरपीएफ चैकी इंचार्ज एस.के. राय, रेल पथ इंजीनियर सुभव कस्बे के रहने वाले वरिष्ठ समाजसेवी शशिकांत मिश्रा, शिवम, राजकुमार गुप्ता, मनोज मिश्रा सहित कस्बे वासी भी मौजूद रहे।

## रोजगार मेला आयोजित

**बछरावां, रायबरेली।** जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय, सहगों, तमनपुर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 317 प्रतिभागियों को प्राथमिक रूप से चयनित किया गया। इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में अमर सिंह चैधरी, प्रबंधक व सहदेव प्रसाद पटेल, अध्यक्ष, डॉ॰ अभय सिंह प्राचार्य, विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी, रायबरेली एवं संतोष प्रजापति सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मेले का शुभारम्भ करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के उददेश्य एवं प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया गया। संतोष प्रजापति सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा प्रतिभाग करने वाली कम्पनी के पदों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि अमर सिंह चैधरी द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के प्रयास की सराहना की गयी।

# छात्रा रिया बनी एक दिन की डीएम



**रायबरेली।** मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की कक्षा-11 की छात्रा रिया को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने छात्रा को प्रशासनिक कार्यों की जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारियों से परिचय कराया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025-26 को आयोजित हाईस्कूल की परीक्षा में रिया ने 95.83 अंक के साथ जनपद में पहला स्थान प्राप्त किया था। रिया ने जिलाधिकारी कक्ष में जनसुनवाई करते हुवे प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए तथा महिलाओं की समस्याओं को सुनकर बालिकाओं/महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने व जरूरत पड़ने पर कानून की सहायता लेने हेतु प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने रिया के आत्मविश्वास की सराहना की और इस पहल को छात्राओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के इस नवाचार का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, उन्हें समाज में अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना तथा प्रशासनिक तंत्र से जोड़ना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरिओम को न्याय दिलाने के उद्देश्य से कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

**रायबरेली।** ऊंचाहार विधानसभा में फतेहपुर जिला निवासी दलित युवक हरिओम वाल्मीकि की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, उनकी आत्मा की शान्ति एवं परिजनों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन से अम्बेडकर प्रतिमा हाथी पार्क तक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला, उन्होंने कहा कि योगी राज में अपराधियों के अंदर कानून का खौफ समाप्त हो गया है, पूरा प्रदेश जंगल राज बना हुआ है, प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट है, प्रतिदिन कहीं न कहीं ऐसी हृदय विदारक घटनाओं को अपराधी अंजाम देकर बेखौफ घूम रहे है, जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सब दलित युवक को न्याय मिलने तक यह लड़ाई जारी रखेंगे। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान में अपराधों की बाढ़ आई हुई है, चारों तरफ हत्या, लूट और चोरों की दहशत है, योगी सरकार पूरी तरह से अपराध रोकने में असफल साबित हो रही है, भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार बढ़े है, कांग्रेस पार्टी मृतक दलित युवक के परिवार के साथ है।

## लोधवरिया में श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ

**तिलोई, अमेठी।** लोधवरिया में प्रारम्भ हुई श्रीमद भागवत कथा गंगोत्री यमुनोत्री धाम उत्तरकाशी देवभूमि उत्तराखंड से पधारी कथा वाचिका डॉ. सुमन लता उनियाल ने कथा सुनाते हुए श्रोताओं को बताया की श्री सुखदेव जी महाराज राजा परीक्षित को कथा सुनाते हैं तथा कम समय में ही इस माया रुपी संसार से मृत्यु के भय के निवारण एवं समाधान हेतु श्रीमद् भागवत महापुराण का श्रवण करने को कहते हैं श्रीमद् भागवत महापुराण को श्रवण करने के लिए श्रोता के अंदर जितेंद्र होना जीत विश्वास होना और जीत संग होना आवश्यक है जो इंद्रियों पर नियंत्रण कर सके एक ही आसान पर बैठ सके और दर्जनों की संगति से बचें। इसी क्रम में ध्रुव जी की कथा का वर्णन होता है ध्रुव जी बाल्यावस्था में ही भगवत प्राप्ति का रास्ता अपनाया और नारद जी द्वारा दिए गए 12 अक्षर का महामंत्र जाप किया पर वर्तमान समय में वह 12 अक्षर का मंत्र 12 श्लोक में ध्रुव जी की कृपा से भगवान की स्तुति की जाती है इस तरह से सुखदेव जी राजा परीक्षित से कहते हैं है परीक्षित योगी को वह सुख समाधि से भी प्राप्त नहीं होता जितना भक्तों की अनेक कथाएं चरित्र सुनकर मिलता है और इसी तरह भगवान भी वहां प्रसन्न होते हैं जहां उनके नाम की चर्चा पर चर्चा एवं भावना के साथ उनकी कथा का रसास्वादन किया जाता है भगवान संकीर्तन मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं।

## वाद विवाद, भाषण प्रतियोगिता व संगोष्ठी आयोजित

**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा महाविद्यालय में महाविद्यालय के लेक्चर थियेटर में मिशन शक्ति फेज 5 के तहत वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में सहायक आचार्य हिंदी डॉ.सूर्यकुमार मिश्र ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महिला स्वावलंबन को रेखांकित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रोफेसर निरंजन राय ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण में पुरुषों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। महिला सशक्तिकरण में महिलाओं द्वारा चलाए गए आंदोलन की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की विषमताओं की शुरूआत घर से होती है। इसलिए बदलाव हमें घर से प्रारंभ करना होगा। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी, डॉ.रमेश चंद्र यादव ने बताया कि भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुष्का राय, द्वितीय स्थान अनुपम, तृतीय स्थान करिश्मा सिंह एवं सांत्वना पुरस्कार हिमांशी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## छात्रों ने किसान मेले का किया भ्रमण




**सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनआईपीएसएस के कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज अयोध्या में आयोजित किसान मेले का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियो ने कुमारगंज के राज्य स्तरीय किसान मेला व कृषि उद्योग प्रदर्शनी का भ्रमण के दौरान प्रत्यक्ष अनुभव ग्रहण किया। साथ ही साथ भ्रमण के दौरान छात्रों ने विवि के डेयरी फार्म सहित एग्रोनॉमी तथा हॉर्टिकल्चर फार्म का भी अवलोकन किया। डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि किसान मेले के भ्रमण के समय विद्यार्थियों ने नवीन कृषि तकनीकों फसलों की उन्नत किस्मों व कृषि के आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी हासिल की। संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने शैक्षणिक भ्रमण के प्रतिभागियों को शुभकामनायें दी। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के ज्ञानवर्धन का एक सजीव माध्यम है। ऐसे कार्यक्रमों के प्रतिभागी छात्र व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं। कृषि संकाय प्रभारी डॉ. नवीन विक्रम सिंह ने छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की महत्ता पर बताया कि विद्यार्थी जब खेतों एवं प्रयोगशालाओं में सीधे कार्यप्रणाली को देखते हैं तो उनकी सीखने की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है। डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्रों में कृषि क्षेत्र के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। किसान मेले का भ्रमण डॉ. अंकित सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इनके मार्गदर्शन में छात्रों ने नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन भी किया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में कृषि संकाय के सैकड़ो विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# एंटी रोमियो टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं का किया जागरूक




**रायबरेली।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों ने व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। सीएम के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस 90 दिवसीय विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करना है। नवरात्र के पावन अवसर पर शुरू हुए इस चरण में जिले भर में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों, स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक चौपालों पर जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं व बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 112, 1090, 181, 1098, 1076, 102, 108, 1930), सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर क्राइम से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की अवधारणा से परिचित कराया गया, ताकि वे संभावित खतरे से सतर्क रह सकें। आज के कार्यक्रमों में थाना भदोखर, सरेनी, महराजगंज, सलोन, नसीराबाद, गुरबक्शगंज और खीरों की टीमें सक्रिय रहीं। इन सत्रों में सैकड़ों महिलाएं व बालिकाएं शामिल हुईं।

थाना भदोखर क्षेत्र में रायपुर महेरी में महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों, कल्याणकारी योजनाओं और साइबर क्राइम से बचाव पर जागरूक किया। थाना सरेनी क्षेत्र के खानपुर में टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके मौलिक अधिकारों, आपातकालीन हेल्पलाइन (112, 1090 आदि) तथा साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। थाना महराजगंज क्षेत्र के ग्राम मोन में एंटी रोमियो टीम ने जागरूकता सत्र आयोजित किया, जहां महिलाओं को कल्याणकारी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना आदि की जानकारी दी गई। दोपहर बाद ग्राम केर के पब्लिक स्कूल में बालिकाओं को साइबर क्राइम के खतरों और हेल्पलाइन के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा, ग्राम कुसमौरा में भी सत्र चलाया गया, जिसमें बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की शिक्षा दी गयी।

# सखी वन स्टॉप सेंटर ने वृद्ध मां को बेटे से मिलाया



**रायबरेली।** सखी वन स्टॉप सेंटर ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और मानवीयता का परिचय देते हुए एक वृद्ध महिला को उसके परिवार से मिलाकर समाज में मानवीय मूल्यों का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया कि लगभग 60 वर्षीया एक वृद्ध महिला को डायल 112 की टीम द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर में अल्पावास हेतु लाया गया था। महिला मानसिक रूप से व्याकुल और भयभीत थी। केंद्र की टीम ने पहले उन्हें जलपान कराया और विश्वास दिलाया कि वे सुरक्षित स्थान पर हैं। इसके पश्चात उन्हें अल्पावास की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

काउंसलिंग के दौरान महिला ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं और वे अपने बेटे के साथ रायबरेली में रह रही थीं, लेकिन किसी कारणवश रास्ता भटक गईं। चूंकि वे सटीक पता बताने में असमर्थ थीं, इसलिए सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति, काउंसलर श्रद्धा सिंह व उनकी टीम ने अथक प्रयास कर सोशल मीडिया के माध्यम से महिला के परिजनों से संपर्क साधा। प्रयास सफल रहा और शीघ्र ही महिला के बेटे का पता चल गया। जब बेटा अपनी मां से मिलने केंद्र पहुंचा, तो दोनों की आंखें खुशी के आंसुओं से भर आईं। बेटा ने भावुक होकर जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नियमानुसार पहचान व पुष्टि के बाद महिला को उनके बेटे व परिजनों के सुपुर्द किया गया।

## आरएसएस ने आलापुर गांव में पथ संचलन कर मनाया शताब्दी वर्ष

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** विजयदशमी उत्सव कार्यक्रम व शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने आलापुर व गोरसरा गांव में पथ संचलन किया। आलापुर गांव में खंड कार्यवाह अखंड प्रताप के संयोजन में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता प्रांत के शारीरिक प्रमुख गोकुल ने कहा कि आरएसएस का शताब्दी वर्ष देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने संगठन की सौ वर्षों की राष्ट्र निर्माण यात्रा को प्रेरणादायक बताया। संघ के सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल्यों को उन्होंने युगों तक प्रासंगिक बताया। साथ ही युवाओं से राष्ट्रहित में संगठन के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रामदेव कनौजिया सेवा निवृत्त निरीक्षक सीआरपीएफ ने गांव में पथ संचलन को राष्ट्र के लिए अच्छा संकेत कहा। मंडल पालक महेंद्र, खंड संघ चालक सत्येंद्र, सह खण्ड कार्यवाह देवेन्द्र, मंडल कार्यवाह जयनाथ, वेदप्रकाश, धनई, अमन, महादेव, विकास, पंकज, अनंत बहादुर, अजय, अवनीश, सत्यसांची, अनुराग, अमित, शिवांश, भोलाराम सहित बड़ी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।



## अमेठी सांसद ने अत्याधुनिक बेंटिलेटर व सीसीयू यूनिट का किया लोकार्पण



**गौरीगंज, अमेठी।** अमेठी में स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आयाम देते हुए, सांसद किशोरी लाल शर्मा ने संजय गांधी अस्पताल, मुंशीगंज में अत्याधुनिक कार्डियक केयर यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। यह यूनिट हृदय रोगियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है, जिसमें त्वरित इलाज के लिए आधुनिक जीवन रक्षक उपकरण और प्रशिक्षित मेडिकल टीम मौजूद रहेगी। यह अस्पताल संजय गांधी के सपनों की नींव पर बना, जिसे श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की सोच और सेवा भाव ने आकार दिया। उद्घाटन समारोह में श्री शर्मा ने कहा, गांधी परिवार ने अमेठी को सिर्फ सड़कों और इमारतों से नहीं, बल्कि सेवा और स्नेह से संवारा। यह सीसीयू यूनिट उसी भावना का आधुनिक रूप है, जो अमेठी की जनता को समय पर इलाज और जीवन रक्षक सुविधा प्रदान करेगी। अस्पताल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवधेश शर्मा ने बताया कि यह यूनिट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप तैयार की गई है, जिसमें अत्याधुनिक मॉनिटरिंग सिस्टम, वेंटिलेटर, आपातकालीन दवाएं और प्रशिक्षित चिकित्सक 24 घंटे तैनात रहेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, अस्पताल के मैनेजर एडमिन सुरेश कुमार सिंह राजपूत, अजय कुमार तिवारी, डॉ नवोदित सैनी, के साथ वरिष्ठ कांग्रेसियों में मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, प्रवक्ता अनिल सिंह, डॉ अरविन्द चतुवेर्दी, युका जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, विनय शर्मा, दुर्गेश प्रताप सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## गाजे-बाजे के साथ हुआ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**मुंशीगंज, अमेठी।** शारदीय नवरात्र के समापन के बाद बुधवार को भी अमेठी के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित देवी दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया। क्षेत्र के बंदोईया गांव में 35 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहे दुर्गा पूजा समारोह के अंतर्गत बुधवार दोपहर को भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरूआत से ही माहौल भक्तिमय रहा, जहां गाजे-बाजे और भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने ₹जय माता दी के नारों के साथ देवी दुर्गा की प्रतिमा को लेकर यात्रा निकाली, जो गांव से होते हुए मुसवापुर के पहलवान वीर बाबा घाट तक पहुंची। वहां पर श्रद्धा और विधिपूर्वक मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस मौके पर आयुष त्रिपाठी, अवध नारायण मिश्रा, अभिषेक त्रिपाठी, डब्बू तिवारी, पंकज मिश्रा, ओम शंकर मिश्रा, मोहन मिश्रा, दुर्गेश तिवारी, राम तिवारी, शिवम तिवारी, अमन मिश्रा, हनुमान विश्वकर्मा, रत्नेश शर्मा, ज्ञान प्रकाश सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति द्वारा इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सभी कार्यकताओं और श्रद्धालुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## मां की मूर्ति विसर्जन में भक्तों का उमड़ा सैलाब

**जगदीशपुर, अमेठी।** नवरात्र से चल रही पूजा अर्चना व हवन करने के बाद माँ दुर्गा की निकाली गई शोभायात्रा में भक्तों का जनसैलाब उमड पडा जो माँ के जयकारे के साथ अबीर गुलाल उडाते हुए गाजे बाजे से लैस भक्तगण माँ की मूर्ति के साथ विसर्जन हेतु आदि गंगा गोमती घाट को प्रस्थान किया। विकास खंड के अंतर्गत जगदीशपुर कमरौली रानीगंज वारिसगंज आनंद नगर चौधीपुर नौडाड उत्तर गांव सरेसर उतेलवा आदि स्थानो पर स्थापित माँ दुर्गा की प्रतिमा की पूजा अर्चना के उपरांत भक्तगणो का समूह शाम के समय गाजे बाजे के साथ अबीर गुलाल उडाते जगदीशपुर स्थित पुलिस बूथ चौराहे से होते हुए नम आंखों से माँ की मूर्ति विसर्जन करने हेतु गोमती घाट रवाना हुए। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाये रखने के लिए एसडीएम अभिनव कनौजिया, क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार सिंह, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, कमरौली थानाध्यक्ष मुकेश पटेल, शहीद स्मारक थानाध्यक्ष तनुज पाल समेत भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात रहा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक प्रबंधक, बैंक सखी व मिशन प्रबंधक को डीएम ने किया सम्मानित



**अमेठी।** डीएम संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार, गौरीगंज में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम, के अंतर्गत सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद की सभी बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक तथा बैंक सखी शामिल हुईं। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आजीविका के अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधकों से आग्रह किया कि स्वयं सहायता समूहों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में सक्रिय सहयोग दें ताकि समूहों को ऋण सुविधा का लाभ मिल सके और वे अपने उद्यम को विस्तार दे सकें। उन्होंने कहा स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। यदि इन्हें सशक्त किया जाए तो गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेंगी। कार्यक्रम का संचालन एनआईआरडी, हैदराबाद से आए राष्ट्रीय संसाधन व्यक्ति (एनआरपी) द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित बैंक अधिकारियों को सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं, बैंक लिंकेज प्रक्रिया और समूहों को ऋण उपलब्ध कराने की नवीन रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक शाखा प्रबंधकों, बैंक सखियों एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं सीडीओ सूरज पटेल द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि स्वयं सहायता समूह केवल आर्थिक सशक्तिकरण ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम हैं। उन्होंने सभी बैंकों से अनुरोध किया कि वे समूहों को योजनाओं का लाभ दिलाने में अग्रसर रहें। कार्यक्रम में डीडीओ वीरभानु सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार प्रवीणा शुक्ला, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) राजीव कुमार पांडेय, जिला मिशन प्रबंधक, ब्लॉक मिशन प्रबंधक, एवं जनपद की समस्त बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## पीएम ने जयमाला देवी को भेजा धन्यवाद पत्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अखंडनगर विकास खंड के जय ज्ञान नगर उनुरखा ग्राम सभा की जयमाला देवी पत्नी स्व. महेंद्र कुमार तिवारी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धन्यवाद पत्र भेजा है। जयमाला देवी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रधानमंत्री को राखी भेजी थी, जिसे प्रधानमंत्री ने स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री का पत्र जब भारतीय डाक के माध्यम से गांव पहुंचा, तो पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल बन गया। उनके पुत्र ज्ञानचंद्र तिवारी ने बताया कि यह तीसरी बार है जब प्रधानमंत्री ने उनकी माता को व्यक्तिगत धन्यवाद पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि यह केवल परिवार ही नहीं, पूरे ग्राम सभा के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अजय कुमार, विधायक राजेश गौतम, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन तिवारी, और सत्यपथ फाउंडेशन के संरक्षक विवेक तिवारी सहित कई नागरिकों ने जयमाला देवी को बधाई दी। गांव के लोगों ने इसे प्रधानमंत्री द्वारा एक सामान्य नागरिक के प्रति स्नेह और सम्मान का प्रतीक बताया। पूरा गांव गर्व से भर उठा कि उनके गांव की एक महिला को देश के सर्वोच्च पद से सीधे धन्यवाद पत्र प्राप्त हुआ, जो भाई-बहन के रिश्ते की पवित्रता और सशक्त भारत की भावना को दर्शाता है।

## लागत में कमी तथा मुनाफा बढ़ाने की जुगत में मील का पत्थर साबित हो रहे किसान : शिवेंद्र

**अमेठी।** भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि को कहा जाता है। यह न केवल खाद्यान्न उत्पादन का माध्यम है, बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार भी है। आज जब देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ रहा है, तब कृषि क्षेत्र में तकनीकी विकास की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। परंपरागत खेती की तुलना में आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियाँ अधिक लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। आज का किसान केवल हल और बैल पर निर्भर नहीं, बल्कि ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, सॉयल हेल्थ कार्ड, ड्रोन और मोबाइल एप्स जैसी सुविधाओं से सुसज्जित है। इससे उसका श्रम घटा है, उत्पादन बढ़ा है और मुनाफे में वृद्धि हुई है। बदलते परिवेश में किसानों को तकनीक अपनाने की आवश्यकता है ताकि उनकी लागत में कमी आए और कृषि लाभकारी बने। उक्त बातें जिले के प्रगतिशील किसान शिवेंद्र ने बताया कि केंद्र तथा राज्य सरकारें किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अनेक योजनाएँ संचालित कर रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, किसान ड्रोन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाएँ तकनीकी रूप से किसानों को मजबूत बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को आधुनिक यंत्रों, बीज, खाद, सिंचाई प्रणाली और अनुसंधान आधारित जानकारी दी जा रही है। अब किसानों को मिट्टी की जांच कर उर्वरक के सही उपयोग की जानकारी मिलती है। ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेतों में कीटनाशक का छिड़काव आसान हुआ है। डिजिटल इंडिया अभियान के अंतर्गत कृषि एप्स और ऑनलाइन पोर्टल से किसान मौसम, बाजार भाव और फसल प्रबंधन की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं बल्कि किसान को आत्मनिर्भर बनाना है ताकि वह तकनीक के साथ अपनी लागत घटा सके और लाभ बढ़ा सके।

# भगवान सिर्फ चाहने से मिलते हैं : सर्वेश जी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** विकास खंड कुड़वार के ग्राम लोरिकपुर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर चल रहा है। कथा वाचक आचार्य सर्वेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज अपने मधुर वचनों से भक्तों को भागवत महिमा का रसपान करा रहे हैं।

कथा के पांचवें दिन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का जीवंत और हृदयस्पर्शी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म का प्रकोप बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की पुनःस्थापना के लिए अवतार लेते हैं। बाल्यावस्था की माखन चुराने की लीलाएं, ग्वाल-बालों के साथ खेलकूद और कृष्ण की मनोहर छवियों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर आचार्य जी ने एकादशी व्रत के महत्व पर भी प्रकाश डाला और कहा कि एकादशी का पालन जीवन को पवित्रता की ओर ले जाता है।



उन्होंने एक प्रसंग सुनाया कि कैसे एक अप्सरा का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, किंतु केवल एकादशी व्रत करने वाले के स्पर्श मात्र से वह उड़ान भरने लगा। शाम को संगीतमय भजनों की प्रस्तुति और रास लीला का मंचन हुआ। रास रचो है जमुना किनारे रास रचो जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। संगीत की लहरियों के बीच पूरा पंडाल भक्ति रस से सराबोर हो उठा। कथा के अंत में मुख्य यजमान वीरेंद्र मिश्र ने सपत्नी कथा ब्यास की आरती उतारी। प्रधान प्रतिनिधि अतुल मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन आसपास के गांवों और नगर क्षेत्र से भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। गुरुवार को विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई है। उन्होंने छेत्र वासियों से भंडारे में पहुंचने की अपील की है। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी राजेश सिंह, संतोष मिश्रा, पंकज मिश्र, दीपक दुबे, अनूप मिश्र, लेखपाल राजन सिंह, प्रदीप सिंह, विश्वनाथ बाबा आदि मौजूद रहे।

## सबरी ने राम को जूठे कंद-मूल खिलाकर दिखायी भक्ति

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** रामलीला के सातवें दिन राम-सबरी मिलन, हनुमान भेंट और सुग्रीव मित्रता की लीला का भावपूर्ण मंचन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमानजी की आरती से हुई। लीला में दशार्या गया कि जब राम सीता की खोज करते भक्त शेबरी के आश्रम पहुंचते हैं। शेबरी राम को देखते ही भाव विभोर होकर उनके चरणों में गिर पड़ती है। इसके बाद में बगीचे में जाकर सुंदर मीठे कंदमूल फल लाकर चख-चख कर राम को समर्पित कर देती है। राम ने उसके भावनाओं का आदर करते हुए जूठे कंदमूल फल को बड़े ही आनंद से ग्रहण करते हैं। श्रीराम उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें नवधा भक्ति का उपदेश दिया और आशीर्वाद देकर सीता की खोज में आगे बढ़े। मार्ग में गिद्धराज जटायु ने सीता हरण की जानकारी दी और श्रीराम की गोद में प्राण त्यागे। आगे ऋष्यमूक पर्वत पर पहुंचे श्रीराम-लक्ष्मण से हनुमान ने ब्राह्मण रूप में मिलकर परिचय प्राप्त किया। पहचान होते ही हनुमान अपने वास्तविक रूप में आकर श्रीराम के चरणों में नतमस्तक हो गए। तत्पश्चात उन्होंने दोनों भाइयों को कंधे पर बैठाकर सुग्रीव से मिलाया। प्रभु श्रीराम और सुग्रीव के बीच अग्नि साक्षी मानकर मित्रता का गठबंधन हुआ।

